
असतो मा सद्गमय

# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण — 14th — दिव्य आकाश

सुविचार: जिन्हें खुद पर भरोसा, उसकी सफलता कोई नहीं रोक सकता।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष 15, अंक-01 | चैत्र शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत् 2081 कोरबा, शुक्रवार दिनांक 12 से 18 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00


## बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर पुलिस ने की एयर स्ट्राइक

**ग्रामीण बोले-आसमान से गिरे बम, BGL लेकर कर रहे प्रदर्शन; नक्सलियों ने भी जारी की तस्वीरें**



**जगदलपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों और नक्सलियों ने पुलिस पर एयर स्ट्राइक का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि, जवानों ने आसमान से ड्रोन के जरिए जमकर बम गिराए। इस दौरान कुछ बम फट गए और कुछ जिंदा मिले हैं। ग्रामीणों ने जिंदा BGL (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) भी दिखाया। मामला पामेड़ थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर नक्सल प्रभावित गांव पालागुड़ा में पुलिस के खिलाफ ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 7 अप्रैल की सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच पालागुड़ा, इत्तागुड़ा, गोमगुड़ा जैसे गांव के जंगलों में पुलिस ने ड्रोन से हमला किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान महिलाएं जंगल में महुआ एकत्र करने के लिए गई थीं। इसी बीच करीब आधे घंटे तक लगातार ड्रोन से बमबारी करने के साथ ही क्लम्रु दागे गए। ग्रामीणों ने पेड़ों पर बम फटने के निशान भी दिखाए।

**पेड़ों-जानवरों को नुकसान**

गांव वालों का कहना है कि, जिन-जिन जगहों पर बम गिरकर फटे हैं, वहां बड़े गड्ढे हो गए हैं। पेड़ और जानवरों को नुकसान हुआ है। हालांकि, इस घटना में किसी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है। जो बम नहीं फटे उसे सबूत के तौर पर ग्रामीणों ने अपने पास रखा है। अब ग्रामीण गांव में उसी बम को हाथों में पकड़कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**नक्सलियों ने भी जारी की तस्वीर**

नक्सलियों ने भी हवाई बमबारी को लेकर तस्वीर और पर्चा जारी किया है। जिसमें दो ग्रामीण महिलाएं महुआ इकट्ठा कर रही हैं। पर्चा के माध्यम से नक्सली कह रहे हैं कि, पुलिस ने गांवों पर एयर स्ट्राइक किया है। करीब 30 से ज्यादा बम गिराए जाने का आरोप लगाया है।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला... नए सिरे से जांच करेगी ईडी

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से केस रद्द होने के बाद ED ने नए सिरे से जांच करने के लिए एक नई ECIR दर्ज किया है। चर्चा है कि प्रवर्तन निदेशालय ने EOW में दर्ज FIR को आधार बनाया है। इसमें पूर्व आबकारी मंत्री, पूर्व मुख्य सचिव, दो रिटायर IAS और 35 आबकारी अधिकारी समेत 71 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है।

वहीं छत्तीसगढ़ कोल स्कैम केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन ED की ओर से कोर्ट में रिप्लाई पेश नहीं होने के कारण अगली सुनवाई अब 12 अप्रैल को होगी।

## CSMCL के पूर्व MD अरुणपति बिहार से गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़ में EOW ने करोड़ों के गहने-कैश किए जब्त; शराब कारोबारी पप्पू बंसल का बंगला सील**

**भिलाई/बिलासपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला मामले में ACB-EOW ने शराब वितरण कंपनी CSMCL के पूर्व MD अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि उनकी गिरफ्तारी बिहार के गोपालगंज से की गई है। करीब 9 महीने जेल में रहने के बाद फरवरी में ही त्रिपाठी को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

वहीं प्रदेश भर में पूर्व CM भूपेश बघेल के करीबियों के यहां रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित 21 ठिकानों पर गुरुवार को EOW ने छापा मारा था। कई स्थानों पर कार्रवाई खत्म हो गई है। इस दौरान ACB ने 19 लाख कैश, करोड़ों के गहने, लैपटॉप-पेन ड्राइव, संपत्ति के दस्तावेज सहित अन्य सामान जब्त किया है। ACB के मुताबिक, बैंक में करोड़ों के निवेश के अलावा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनकी जांच की जा रही है। इन दस्तावेजों में आबकारी से अर्जित अवैध संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं।


सौम्य वातावरण में स्थित छत्तीसगढ़ का सर्वोत्कृष्ट 7 स्टॉर रैंकिंग अवार्डेड सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल

Nitesh Kumar Memorial

LIONS PUBLIC SCHOOL

AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL

To be Affiliated to C.B.S.E. (New Delhi), CBSE AFFILIATION NO.:3330422

Today's Struggle Tomorrow's Strength

PLAY GROUP TO CLASS XII

Green Campus Silent Zone



ट्रैफिक गार्डन, विशाल खेल का मैदान के साथ नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) का विशाल सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन का विहंगम दृश्य


Free BUS Services


Largest Library


Music Classes


Cultural Activities


CBSE SCHOOL

ADMISSION OPEN

SESSION 2024-25


Maa Saraswati Mandir


Sports


Yoga

To Give the best education to the Students with Modern techniques.


Traffic & Children Garden



**Features**

- Innovative Curriculum
- Creative Experiential Learning
- Multipurpose Auditorium
- Well-equipped Science & Computer Lab
- State of the Art Infrastructure
- Indoor Outdoor Sports Activity Centers
- Certified Teachers
- Well furnished Classrooms
- Best Education Plans
- Smart Classes
- Safe Campus (CCTV)

Smart Classes
Digital School
ग्रामीण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा का एक मात्र सीबीएसई विद्यालय वह भी कम फीस में...


Mr. Deepak Jaiswal
Principal
Mob.: 62618-46754


PMJF Lion Dr. Rajkumar Agrawal
Chairman - NKMLPS Trust
Mob.: 98266-70261

To make all the Students Intelligent With Smily

KORBA- CHAMPA ROAD, KHARHARKUDA, MADWARANI, DISTT. KORBA (C.G.) Call@62612-97651, 74899-24435

website : www.lionspublicschoolkharharkuda.com E-Mail : lionspublicschoolkharharkuda@gmail.com


जीवेत् शरदः शतम्
श्री लखनलाल देवांगन जी
वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
श्री लखन लाल देवांगन जी
वाणिज्य, उद्योग एवं
श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भुवनेश्वर तिवारी
गजेन्द्र मानसर
मोहन सिंह
प्रफुल्ल तिवारी
नरेन्द्र देवांगन
नरेन्द्र पाटनवार
आरिफ खान

# दिव्य आकाश

असतो मा सद्गमय

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार
जिन्हें खुद पर भरोसा, उसकी सफलता कोई नहीं रोक सकता।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

चैत्र शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत् 2081 कोरबा, शुक्रवार दिनांक 12 से 18 अप्रैल 2024


## पुलिस की तत्परता से लड़की की बची जान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा जिले में पुलिस की तत्परता से एक नाबालिग लड़की (17) की जान बच गई। लड़की सुसाइड करने के लिए हसदेव नदी पर बने पुल से नीचे छलांग लगाने की कोशिश कर रही थी। इसी बीच पुलिस की नजर उस पर पड़ गई और पुलिस ने लड़की को बचा लिया। मामला दर्री थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग काफी देर से भवानी मंदिर के पास दर्री डैम पर बने पुल पर घूम रही थी। वो बहुत ज्यादा रो रही रही थी और मोबाइल पर भी किसी से बात कर रही थी। राहगीरों की नजर उस पर पड़ी, तो उन्हें उसके साथ किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद लोगों ने दर्री थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर तत्काल पुलिस पहुंची। इधर तब तक लड़की पुल से छलांग लगाने ही वाली थी कि पुलिसकर्मी ने उसका हाथ पकड़ लिया, फिर उसे पुल पर खींचा गया। वो काफी रो रही थी, पुलिस ने उससे घटना के पीछे की वजह पूछी, तो उसने कुछ पारिवारिक विवाद की जानकारी दी है। पुलिस ने लड़की को काफी समझाया। इसके बाद परिजनों को बुलाकर उन्हें भी समझाया गया।


**दुकान किराये पर देना है**

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में सर्वसुविधायुक्त 2500 sqft फाल सिलिंग लगा हुआ शीघ्र ही किराए पर देना है।

हमसे संपर्क करें-
गोपाल राय सोनी
मो.: 79996 32557




## माँ सर्वमंगला देवी दरबार जगमग

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा का पवित्र पर्व गत 9 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में आस्था के ज्योत से दरबार जगमग करने लगा है। माँ का आशीर्वाद मंगलवार से पूरे 9 दिन तक भक्तों को मिलेगा। मान्यता है कि नवरात्र में माता अपने भक्तों के बीच पहुंचती हैं। देवी मां की आस्था में नगर समेत उपनगरों व ग्रामीण अंचल के प्रसिद्ध देवी दरबार मनोकामना ज्योत से जगमगाने लगे हैं।

लोगों ने अपने अपने नाम के ज्योत कलश को जलाने के लिए अपनी सुविधा के अनुसार मंदिर पहुंचते रहे। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। हर बार की तरह इस बार भी सर्वाधिक करीब 10 हजार भक्तों के नाम की मनोकामना ज्योत मां सर्वमंगला के दरबार में जल रहे हैं। नवरात्र के पहले ही दिन से देवी मंदिरों में लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

नवरात्र में आदिशक्ति के दरबार में जलने वाले मनोकामना ज्योत की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बीते साल चैत्र नवरात्र की तुलना में इस बार काफी अधिक भक्तों के मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित हो रहे हैं।

**मां सर्वमंगला मंदिर में ही अकेले 10 हजार के करीब मनोकामना ज्योत**

मां सर्वमंगला मंदिर की महिमा अपने देश में रहने वाले भक्तों में तो है ही विदेशों में रहने वाले भारतीयों में भी आस्था बनी हुई है। मंदिर के पुजारी नन्हा महराज ने बताया कि चैत्र नवरात्र में यहां प्रज्जवलित हो रहे मनोकामना ज्योत में इस बार भी जिले सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में रहने वाले श्रद्धालुओं के नाम दीप जल रहे हैं।

रोज भक्त यहां हजारों की संख्या में पहुंचकर मनोकामना पूर्ण कर रहे हैं।

### माँ के दिव्य दर्शन से हर मनोकामना होती है पूर्ण



मंदिर के प्रबंधक पुजारी नन्हा पाण्डेय ने बताया कि यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। सरोज पाण्डेय एवं ज्योत्सना महंत ने भी अपने नाम के ज्योत जलवाए हैं।

## फॉरेस्ट की जमीन को खुद की बताकर अवैध बोर खुदाई, ढाबा संचालक सहित 4 पर कार्रवाई



**कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में जंगल की जमीन को खुद का बताकर बोरवेल्स की खुदाई करने के मामले में ढाबा संचालक सहित 4 लोगों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वन अमले ने लगभग 70 लाख रुपए कीमती बोरवेल्स मशीन को ट्रक सहित जब्त किया है। यह मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र का है।

दरअसल, जंगल की जमीन पर बोरवेल्स की खुदाई का खुलासा उस वक्त हुआ, जब वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। टीम मौके पर पहुंची तो जमीन में करीब 80 फीट गहराई तक खुदाई की जा चुकी थी। बताया जा रहा है कि ग्राम सागबाड़ी निवासी सुमेर यादव ढाबा का संचालन करता है। वह ढाबा के समीप जंगल के भीतर बोर की खुदाई करा रहा था।

**बैकुंठपुर क्षेत्र से बोर उत्खनन करने वालों को बुलाया**

बोर की खुदाई के लिए ढाबा संचालक ने बैकुंठपुर क्षेत्र से बोर उत्खनन करने वालों को बुलाया था। वन अफसरों ने पूछताछ की तो मौके पर मौजूद बोरवेल्स के चालक ने अपना नाम बुधियार साय ग्राम केरजु जिला सरगुजा निवासी बताया। बोरवेल्स चालक ने बताया कि ढाबा संचालक ने जमीन को अपना बताया था, लिहाजा वे बोर की खुदाई कर रहे थे। 80 फीट जमीन की खुदाई पूरी कर ली है।

**ढाबा संचालक नहीं दे सका कोई जवाब**

इस संबंध में ढाबा संचालक कोई जवाब नहीं दे सका। लिहाजा वन अमले ने बोरवेल मशीन को ट्रक क्रमांक सीजी 16 सीएन 9714 सहित जब्त कर लिया। मामले में ढाबा संचालक सुमेर सिंह और चालक बुधियार साय के अलावा वाहन मालिक राजेश साहू बैकुंठपुर और वाहन एजेंट बंशीलाल साहू रघुनाथपुर सरगुजा के खिलाफ कार्रवाई की है।

**मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने की कार्रवाई**

बता दें कि मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने मामले से आला अफसरों को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने कार्रवाई के निर्देश जारी किए। डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने सागबाड़ी बीट के कक्ष क्रमांक पी 381 में दबिश दी, जहां बोरवेल्स मशीन से खुदाई की जा रही थी।


आस्था का महापर्व चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं...

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगीय (हि./सा.)

दिव्य आकाश

के सफलतम् 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक शुभकामनाएं...



नारायणदास महंत
पार्षद
वार्ड क्र.-20, नगर पालिक निगम, कोरबा



श्रीमती सरिता महंत
प्राचार्य
आर्य शिशु मंदिर काशी नगर (कोरबा)

वार्ड को स्वच्छ रखें, कचरा को यहां-वहां न फेंकें- डस्टबीन का उपयोग करें। वार्ड विकास में सहयोग करें- वाटर हार्वेस्टिंग से जल संग्रहण में योगदान दें।



समस्त जिलेवासियों को चैत्र नवरात्रि एवं नवसंवत्सर 2081 की हार्दिक बधाई...

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

दिव्य आकाश

के 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक शुभकामनाएं...



दिनेश सोनी
पार्षद-वार्ड क्र.-11, नई बस्ती, नगर पालिक निगम कोरबा,
जिला-कोरबा, मो.: 94252 19352



नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर
जन-जन का अभिनंदन...

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

दिव्य आकाश (हि./सा.)

के सफलतम् 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक बधाई एवं सतत्
सफलता की शुभकामनाएं...



रोहित राजवाड़े
लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक, जिला एवं सत्र न्यायालय, कोरबा
पूर्व अध्यक्ष-अधिवक्ता संघ कोरबा



कोरबा का प्रथम बहुरंगीय अखबार (हि./ सा.)

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

दिव्य आकाश

के सफलतम् 14 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक बधाई...



प्रकाश इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड
कोटाडबरी चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा

## सुविचार

**भगवान राम आदि और अनंत हैं। इस पर सवाल उठाया नहीं जाता, विश्वास किया जाता है। इतिहास का एक-एक पन्ना और माटी का एक-एक कण इसका गवाह है...।**

## सरोकार

### समाज में मर्यादा की स्थापना आज की आवश्यकता

आज देखने में आता है कि देश में कलंकित करने वाली घटनाएं बहुतायत घट रही हैं, इन घटनाओं को सुनकर ही रूह कांप जाती है। इन घटनाओं के पीछे का जो मुख्य कारण है, वह शिक्षा में संस्कार की कमी है। आज शिक्षा के नाम पर फैक्टरियां खुल गई हैं और पाश्चात्य संस्कृतियां परोसी जा रही हैं। ऐसी शिक्षा, जिसमें मर्यादा कहीं दिखती ही नहीं। लोग कहते हैं कि लोग जाग रहे हैं। आज कल विद्यालय में ही गुरू-शिष्य परंपरा की कहीं झलक ही नहीं दिखती। लोग बस पढ़े जा रहे हैं, कोई सीखने का प्रयास ही नहीं करता। अंग्रेज देश से चले गए, लेकिन अंग्रेजियत छोड़कर चले गए। आज हम पाश्चात्य संस्कृति के नाम पर गुलाम बने हुए हैं। रिश्तों में कहीं मर्यादा टूटती-बिखरती नजर आ रही है। राम का संदेश-मर्यादा में रहो, मर्यादा में जीओ और मर्यादित समाज की स्थापना करो... कहीं दिखता नहीं। 17 अप्रैल को फिर राम नवमी आएगी, रैलियां निकलेंगी, झांकी निकलेंगी, बड़े-बड़े भाषण भी होंगे! लेकिन मर्यादा की स्थापना तभी होगी जब हम राम के संदेशों को जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। आज मर्यादा की स्थापना आवश्यक ही नहीं, अपरिहार्य भी है, तभी समाज में मर्यादा की स्थापना होगी।

**संपादक**

# हिन्दू जगेगा तो विश्व जगेगा



## 17 अप्रैलः रामनवमी ( भगवान राम का अवतरण दिवस )

रिश्तों को मर्यादा में निभाना भगवान श्रीराम ने सिखाया और विश्व को मर्यादा में जीने की सीख दी। चैत्र शुक्ल नवमी को उल्लास का पर्व माना गया है। भगवान राम को युग पुरूष भी माना गया है, क्योंकि भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में भगवान श्री राम ने माता कौशिल्या की कोख से मानवीय रूप में जन्म लिया और भगवान होते हुए भी मानव की मर्यादा को नहीं लांघा। समुद्र से भी ज्यादा बलशाली होने के बाद भी भगवान श्रीराम ने मानव रूपी लीला को मर्यादा में दिखाई और मानव को संदेश दिया कि किस तरह से हिन्दू रिश्तों में मर्यादा को निभाएं। प्राण जाए... पर वचन न जाए...। रघुकुल में जन्मे भगवान श्रीराम ने अपने पिता के वचन पालन के लिए राजपाठ छोड़कर किस तरह छोटी मां (कैकेयी) की वचन मांग की मर्यादा को रखा। 14 साल वनवास काटा, कैकेयी और पिता दशरथ के दिए वचनों का मान रखा। 14 साल का वनवास भी भगवान की लीला थी। अपने प्रिय पुत्र भरत से भी ज्यादा राम को दुलार करने वाली कैकेयी की जिव्हा में किस तरह मां सरस्वती का वास हुआ और लीला को पूरा करने के लिए कैकेयी ने भरत के लिए दशरथ से राजपाठ मांग बैठी और राम के लिए वनवास। राक्षसी प्रवृत्ति का नाशकर समाज में धर्म की स्थापना के लिए यह राम की ही लीला थी। हमें भी इससे प्रेरणा लेकर समाज में मर्यादा स्थापना के लिए कार्य करना चाहिए, तभी रामनवमी सार्थक होगी।

17 अप्रैल 2024 दिन बुधवार, उत्सव रामनवमी का। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान राम अपने घर लौटे। 22 जनवरी को देश में दीवाली से भी ज्यादा भव्यता और आध्यात्मिकता दिखी। चारों तरफ उल्लास ही उल्लास था। भगवान राम की दिव्यता सिर्फ अयोध्या में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में दिखी और 22 जनवरी 2024 का दिन इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो गया। भारत वर्ष को इस मंदिर की स्थापना से एक नया वैभव मिला। 500 साल की तपस्या पूरी हुई और अपने धाम में राम लला वही पुराने वैभव के साथ वापस आये। उनके धाम को 500 साल पहले आततायियों और अतिक्रमणकारियों ने तहस-नहस कर हमारी संस्कृति को मिटाने की कोशिश की थी, लेकिन भारत का वैभव न कभी मिटा है, न कभी मिटेगा। इसी तरह हमारी संस्कृति अक्षुण्ण है, सनातन है, न मिटी है, न मिटेगी। अब भारत स्वतंत्र है और सक्षम भी। इसकी ओर कभी अब कोई टेढ़ी नजर नहीं डाल पाएगा, क्योंकि भारतवासी एक हैं और यहां का जनबल अदम्य और अद्भूत है। राष्ट्रहित सर्वोपरी को अब एक-एक बच्चा भी जानने लगा है। हिन्दू जाग रहा है और राममंदिर स्थापना के बाद यह काल हिन्दू जागरण का काल बन चुका है। अब देश में नया वैभव उभरकर आ रहा है और यहां का वैभव देश दुनिया को दिखने लगा है।



अदम्य नेतृत्व क्षमता जिस देश के पास होगी, उसका भला कोई बुरा कर सकता है क्या? आंतरिक मामलों में सभी दल भी एक हैं और अखंड राष्ट्र सबके जेहन में बसता है।

भगवान राम का अवतरण दिवस 17 अप्रैल को फिर से देश में भव्यता दिखेगी और अयोध्या सहित पूरे देश में भगवान राम के जन्मदिन को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा।

09 अप्रैल को पूरे देश में नवसंवत्सर विक्रम संवत 2081 को जिस भव्यता से मनाया गया, यह आने वाले दिनों के लिए शुभ संकेत है। आने वाले दिनों में देश से अंग्रेजियत खत्म होगी और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वाला नया वर्ष अब धूमधाम से हर भारतीय मनाएगा। हिन्दू जाग रहा है और जब जागरण आएगा तो वह दिन दूर भी नहीं जब भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। नवसंवत्सर को भगवान राम का सूर्य तिलक समारोह देखते ही बन रहा था। यह हिन्दू जागरण का प्रथम काल है... भविष्य सुनहरा कल लेकर आएगा।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282



## भगवान राम की पावन स्तूति

श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन हरण भवभय दारुणं ।
नव कंज लोचन कंज मुख कर कंज पद कंजारुणं

कन्दर्प अगणित अमित छवि नव नील नीरद सुन्दरं ।
पटपीत मानहुँ तडित रुचि शुचि नोमि जनक सुतावरं

भजु दीनबन्धु दिनेश दानव दैत्य वंश निकन्दनं ।
रघुनन्द आनन्द कन्द कोशल चन्द दशरथ नन्दनं

शिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदारु अङ्ग विभूषणं ।
आजानु भुज शर चाप धर संग्राम जित खरदूषणं

इति वदति तुलसीदास शंकर शेष मुनि मन रंजनं ।
मम् हृदय कंज निवास कुरु कामादि खलदल गंजनं

मन जाहि राच्यो मिलहि सो वर सहज सुन्दर सांवरो ।
करुणा निधान सुजान शील स्नेह जानत रावरो

एहि भांति गौरी असीस सुन सिय सहित हिय हरषित अली।
तुलसी भवानिहि पूजी पुनि-पुनि मुदित मन मन्दिर चली

॥सोरठा॥

जानी गौरी अनुकूल सिय हिय हरषु न जाइ कहि ।
मंजुल मंगल मूल वाम अङ्ग फरकन लगे।

# प्राकृतिक सौंदर्य से ओत-प्रोत जंजैहली घाटी में करें सुंदर मंदिरों का दर्शन

**हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में स्थित जंजैहली घाटी पहाड़ों की सुरम्य गोद में स्थित एक ऐसा स्थान है, जहां आप किसी दौड़ते-भागते शहर से पहुंचते हैं, तो यहां की साफ-सुथरी प्राकृतिक सुंदरता, कल-कल करती बाखली खड्ड पहाड़ी नदी आपके मन को मोहित करते हुए आनंद भरे सुकून से भर देती है। जंजैहली घाटी के किसी कोने से जब भी हम पहाड़ी पर नजर डालते हैं तो यह हमें ऐसा आभास कराती है जैसे हम उसके पास खड़े हैं। यदि हम सुबह के समय इस पर नजर डालें तो सूर्य की सुनहरी किरणों की आभा में यह नई-नवेली दुल्हन सी दिखती है। यहां के बदलते मोहक दृश्य मन को असीम शांति**

गौरतलब है कि यात्राओं के दौरान हिमाचल प्रदेश में स्थान-स्थान पर 'होम स्टे' से पर्यटन को बढ़ावा मिलने से अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। सफर में खिली धूप सुकून देती है, तो एकाएक बर्फ से ढंकी चोटियों से आती बर्फीली हवा और बादलों के झुंडों के बीच से गुजरना किसी कल्पना लोक में विचरण करने से कम नहीं होता।

जंगल घनघोर है। कभी-कभी मृग, घोरल और अन्य वन्य प्राणियों के दर्शन हो जाते हैं। इस जंगल में अनेक प्रकार की चिड़ियां भी देखी जाती हैं, जो यात्रियों का मधुर गीत से स्वागत करती हैं। जंगल में अनेक प्रजाति के पेड़ हैं। सेब, आलूबुखारा, काफल जैसे फलों की भरमार है। एक चोटी पर स्थित शिकारी देवी का मंदिर देखना प्रगाढ़ आस्था का प्रतीक है। बताते हैं कि यह मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित है जो अपने एकांतवास में यहां आकर रहे थे। माटी की महकती सौंध, हरियाली की चकाचौंध, सांस्कृतिक पहाड़ी परिवेश का सुबोध, मंदिरों का सौंदर्य, पहाड़ी स्वाभिमान, सब कुछ यहां आने वालों को मिलता है।

मंडी में स्थित बगलामुखी मंदिर भी काफी लोकप्रिय तथा भक्तों का प्रिय है। यहां मगरूगला गांव का भ्रमण भी मन को प्रफुल्लित करता है। यहां से बर्फ से ढंके पहाड़ तथा दूर तक फैली घाटी के दृश्य आसानी से देखे जा सकते हैं। यहां दौलत राम का आपातकालीन घर है। बताते हैं कि जब यात्री अचानक बर्फबारी में फंस जाते हैं तो उनका काठ-मिट्टी का मात्र दो कमरे का घर संकटमोचक की भूमिका निभाता है। दौलत राम ऐसे संकट में पड़े यात्रियों को अपने घर में पनाह देकर उनकी हिफाजत करते हैं। वह यह काम वर्षों से करते आ रहे हैं और जीवनपर्यंत करते रहने का वचन देते हैं। दौलत राम कहते हैं कि इंसान ही नहीं, दुनिया की कोई भी नस्ल जल, जंगल और जमीन के बिना जिंदा नहीं रह सकती। ये तीनों हमारे जीवन का आधार हैं।

पहाड़ी यात्रा बहुत खूबसूरत होती है। यहां दुनिया के तमाम संगीत से ज्यादा सुंदर संगीत होता है। सामने पेड़ पर पीले-पीले आलूबुखारे दिखाई दे रहे थे। यहां हिरण की अनेक प्रजातियां हैं, जोकि आकार, रंग त्वचा के धब्बों तथा पाए जाने वाले क्षेत्रों में एक दूसरे से भिन्न हैं। हिरण उन स्थानों में रहना पसंद करते हैं, जहां प्रचुर मात्रा में हरियाली हो क्योंकि हरी दूब, पत्तियां हिरणों का प्रमुख आहार हैं। यहां ये परभक्षियों का कम ही शिकार होते हैं। आबादी वाले गांव लस्सी में घरों में बकरियां पाली जाती हैं। अमरीका के निवासी स्ट्रोक ने 18वीं सदी में यहां अमरीका से सेब के पौधे लाकर रोपे थे, जो आम हिमाचलियों के लिए बड़ा आर्थिक साधन है।

**कामरूप महादेव मंदिर**

एक छतरी के आकार के विशाल पेड़ से कामरूप महादेव मंदिर का निर्माण होने से लोग इस क्षेत्र को छतरी (गांव छतरी) कहने लगे। छतरी के प्राकृतिक सौंदर्य में रचे-बसे वृक्ष वन की शोभा देने वाले बुरांश फूल और खुबानी की लोकप्रियता यहां अमर है। पुजारी इस कलात्मक कामरूप महादेव मंदिर के बारे में बताते हैं कि एक समय व्यापारियों का एक दल मंडी व्यापार के सिलसिले में आ रहा था कि अचानक सभी दृष्टिहीन हो गए। जब उनके मुखिया ने एक जानकार से इस विपदा का कारण जानना चाहा तो उसने देवता का कुपित होना बताया और कहा कि आप लोग यहां महादेव भगवान का मंदिर निर्माण का वचन दीजिए, सब कुछ यथावत ठीक हो जाएगा।

मुखिया के वचन देने पर सभी की दृष्टि वापस आ गई। दल के सदस्यों ने तब तक एक विशाल भू-भाग का चयन किया और अपने धन से कामरूप महादेव मंदिर का निर्माण किया। इस कलात्मक मंदिर की खासियत है कि मंदिर के भीतरी भाग की छत पर महाभारत रामायण के काष्ठ में सुंदर चित्र उकेरे गए हैं। एजेंसी।






पांडव शिला





यहां 'पांडव शिला' भी है। स्थानीय निवासियों का विश्वास है कि यह विशाल शिला पांडव पुत्र भीम ने स्थापित की थी। इस शिला को आप हाथ के जोर से हिला सकते हैं।

# ईद का जश्नः दुआओं में उठे हाथ गले मिल कर दी मुबारकबाद

## जिले की तमाम मस्जिदों-ईदगाहों में हुई नमाज



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

माहे रमजान में 30 रोजा पूरा करने के बाद जिले में गुरुवार को ईद उल फित्र की नमाज अदा की गई। सुबह-सवेरे शहर की तमाम ईदगाह और मस्जिदों में नमाज़ ईद उल फित्र अदा की गई। जिसमें नमाज के बाद दुआओं में अमन व सलामती के लिए हजारों हाथ उठे। इस मौके पर शहर में भाईचारे और सद्भाव का अनूठा माहौल देखने को मिला। विभिन्न धर्म व समुदाय के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों के अलावा शहर के कब्रिस्तान में भी ईद उल फित्र की रौनक रही। जहां लोग नमाज के बाद पहुंचे और अपने परिजनों की कब्र पर दुआएं मांगी।

ईद उल फित्र के मौके पर शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह के वक्त विशेष नमाज हुई। बड़ी तादाद में नमाजियों के पहुंचने की वजह से जिला व पुलिस प्रशासन में खास तौर पर इंतजाम किए थे। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी व्यवस्था बनाने में तैनात रही।

कोरबा पुराने ईदगाह कब्रिस्तान मे जामा मस्जिद के पेश इमाम ने ईद की नमाज अदा कराई । इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इस ख़ास मौके पर इमाम साहब ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी और फिलिस्तीन के मुसलमानों की हिफाजत की दुआएं मांगी गयी। इस पर आमीन से आसमान गूंज उठा।

कोरबा ईदगाह सहित कोरबा जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, कॉलरी मस्जिद,गरीब नवाज़ मस्जिद ट्रांसपोर्ट नगर सहित जिले की मस्जिदों मे नमाज अदा की गयी.

इदुल फ़ित्र के मौके पर सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर आरिफ खान और कार्यवाहक सदर मो रफीक मेमन ने देश एवं प्रदेश वासियों को इदबकी मुबारक बाद देते हुए कहा की पुरे एक माह रमजान का रोज़ा रखने के बाद यह रोज़दारों के लिए एक ख़ास तोहफा है वही कोरबा प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा की पुलिस प्रशासन ने ईदगाह और मस्जिदों मे यातायात के माकूल इंतजाम किये थे जिसके लिए सुन्नी मुस्लिम जमात तहे दिल से शुक्रिया अदा करती है।

# मरवाही में कांग्रेस को मिली मजबूती, आदिवासी नेता गुलाब राज व समर्थक शामिल हुए

**कोरबा/मरवाही ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के मरवाही में कांग्रेस को बड़ी सफलता और मजबूती मिली है। जोगी कांग्रेस के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे गुलाब राज समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन में गुलाब राज व उनके समर्थकों को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत और मरवाही के पूर्व विधायक ने कांग्रेस में विधिवत प्रवेश कराया।

गुलाब राज मरवाही विधानसभा 2023 में जोगी कांग्रेस से प्रत्याशी थे और 39882 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। गुलाब राज बड़े आदिवासी नेता के रूप में जाने जाते हैं और उनका अच्छा खासा जनाधार है। गुलाब राज और उनके समर्थकों के कांग्रेस में आ जाने से निश्चित ही मरवाही विधानसभा में कांग्रेस को मजबूती मिली है। नेता प्रतिपक्ष डॉ.




चरणदास महंत ने कहा है कि गुलाब राज और उनके समर्थकों से हम और मजबूत हुए हैं तथा पूरी ताकत के साथ चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर प्रत्याशी को जीत दिलाएंगे।

गुलाब राज ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य कांग्रेस को विजयश्री दिलाना है और इसके लिए आज से ही अपने समर्थकों के साथ जुट गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रशांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# कोरबा में हाइवे पर ब्लैक स्पॉट चिह्नांकित



**कोरबा।**

कोरबा जिले में यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने नए अभियान के तहत हाइवे पर स्थित ब्लैक स्पॉट पर मार्ग मित्र समिति का गठन किया है। ये मार्ग मित्र लोगों को जानकारी देकर जागरूक करने का काम कर रहे हैं। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना और चौकी द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिले में पाली-कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे 130 में 10 एक्सीडेंटल रोड सेक्शन चिह्नांकित किए गए हैं। इसमें 7 ब्लैक स्पॉट समाहित है। एक्सीडेंटल क्षेत्र की कुल लंबाई 27.8 किमी है, जिसमें ज़्यादातर लोगों की मृत्यु हुई है। इस जगह को ध्यान में रखते हुए यहां आसपास की दुकान और निवास करने वालों को मार्ग मित्र बनाया गया है। इन मार्ग मित्रों को कुछ भी दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और एम्बुलेंस को बुलाने के संबंध में बताया गया है। इस प्रकार कुल 13 समितियों का गठन किया गया है, जिसमें कुल 54 लोगों को जोड़ा गया और उन्हें मार्ग मित्र बनाया गया। जगह-जगह पर सजग कोरबा का पैम्फलेट भी चिपकाया गया है और लोगों को जागरूक किया गया है।

**मार्ग मित्र से साझा किए गए पुलिस के मोबाइल नंबर**- सभी मार्ग मित्र से पुलिस के मोबाइल नंबर साझा किए गए। कोरबा पुलिस ने बताया कि अक्सर सड़क दुर्घटना के बाद लोग मदद के लिए आगे नहीं आते हैं। समय पर जानकारी भी नहीं मिल पाती है, जिसके चलते एक्सीडेंट के बाद लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और मौत हो जाती है। यातायात दुर्घटना में कमी लाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखी जाएगी पुलिस ने कहा कि मित्र मंडल के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है कि लोग समय रहते हादसे के बाद घायल लोगों की मदद जरूर करें।












# हार के डर से बौखलाए कांग्रेसी मोदी के खिलाफ दे रहे अनर्गल बयान-धरमलाल कौशिक

## कांग्रेस डूबता हुआ जहाज, कुछ बच के निकल गए जो रुके हुए हैं वह मानसिक दिवालियापन के शिकार हो रहे -ओपी चौधरी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी कोरबा विधानसभा कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कोरबा लोकसभा के प्रभारी श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कांग्रेस के नेता हार के डर से बौखला गए हैं इसी कारण उनके नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री को मांरने पीटने की बात कर रहे हैं, कांग्रेसी ये समझ लें कि भारतीय जनता पार्टी भी कमजोर नही है, कांग्रेसी प्रधानमंत्री के लिए जितनी भी गलत बयान बाजी करेंगे उनको इसका जवाब चुनाव में जनता देगी.

धरम लाल कौशिक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस के नेताओं द्वारा अमर्यादित बयान आ रहे हैं, जो किसी गंभीर साजिश की तरफ इशारा कर रहे हैं. बस्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने भी बीते दिनों कहा कि कवासी जीतेगा- मोदी मरेगा. क्या यही सभ्यता है कांग्रेस की.




कवासी लखमा झीरम कांड को लेकर भी चर्चित रहे हैं, इसी तरह अनेक मामलों में संदिग्ध रहे हैं। झीरम का सबूत भूपेश बघेल भी अपने जेब में होने की बात करते रहे हैं, जिन्होंने आजतक साक्ष्य प्रस्तुत नही किया?

इससे पहले भी राजनांदगाव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष (पूर्व स्पीकर) चरणदास महंत ने कहा लाठी से मोदी का सर फोड़ दे, ऐसा सांसद चाहिए। शिव (डहरिया) केवल गाली दे सकते हैं मोदी को, जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं. गलत बयान बाजी कर जनता को गलत राह पर ले जाना यही कांग्रेस की चाल है.

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा की कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है जिस डूबते हुए जहाज से जितने लोगों से संभव हो पा रहा है वह निकाल के भाग रहे हैं और जितने लोग बचे रह गए हैं वह मानसिक दिवालियापन का शिकार हो गए हैं और यही कारण है कि वह अनर्गल बयान दे रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरा देश मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है और यही बौखलाहट कांग्रेसियों को अनर्गल बयान बाजी करवा रही है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 सीट भारतीय जनता पार्टी जीतने जा रही है। कोरबा लोकसभा की सीट भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरोज पांडे दीदी एक बड़े मार्जिन से जीतकर कोरबा की सांसद बनेगी।

उपरोक्त पत्रकार वार्ता में धरमलाल कौशिक एवं ओपी चौधरी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री विकास महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, कोरबा जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, कोरबा विधानसभा संयोजक डॉक्टर आलोक सिंह, जिला मंत्री संदीप सहगल, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# स्पेशल बच्चों के साथ जन्मदिन मनाएंगे लखन

## विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शुक्रवार को रामपुर कोरबा स्थित दिव्य ज्योति संस्थान में स्पेशल बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाएंगे। शुक्रवार को विभिन्न स्थानों में आयोजित जन्मदिवस समारोहों में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे, दिव्य ज्योति संस्थान दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दोपहर 2.30 बजे, सर्वमंगला मंदिर परिसर में भोग भंडारा व बांकीमोंगरा मंडल द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपरान्ह 4 बजे गोकुलधाम, कटघोरा मे कटघोरा विधानसभा में कार्यकताओं द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे पार्षद कार्यालय, जमनीपाली में दर्री मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में , शाम 6.30 बजे सेक्टर 5,बालकोनगर में बालको भाजपा मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 7.30 बजे घंटाघर चौक पर कोसाबाड़ी मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात साढ़े 8 बजे पुराना बस स्टैंड में कोरबा मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### उद्योग मंत्री देवांगन के जन्मदिवस पर आज भंडारा का आयोजन

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के 12 अप्रैल को जन्मदिवस के अवसर पर मां सर्वमंगला मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है, मंत्री श्री देवांगन ने सभी कार्यकर्ताओं और आमजन से भंडारा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपिल की है।



## जिला व्हॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चुने गए नवीन पटेल, सचिव बने सुशील गर्ग

**कोरबा की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने होगा प्रयास-नवीन**



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छ.ग. स्टेट व्हालीवॉल एसोसियेशन रायपुर के पर्यवेक्षक रामसिंगार यादव, जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग दीनु प्रसाद पटेल एवं शिक्षा खेल अधिकारी आर.के. टंडन के मार्गदर्शन व उपस्थति में संपन्न हुए चुनाव में जिला व्हॉलीबॉल संघ के लिए नवीन पटेल निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए। सचिव पद हेतु सुशील गर्ग का चयन हुआ है। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष नवीन पटेल ने अपने जिला पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा की।

संरक्षक- अवधेश सिंह, जोगेश लाम्बा, सुमन सिंह, अशोक चावलानी योगेश जैन, राजेन्द्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज सिंह, अध्यक्ष - नवीन पटेल उपाध्यक्ष- नवीन सिंह, विजय सिंह, सचिव- सुशील गर्ग,सह सचिव- शैलेष तिवारी, श्रीमती शालिनी नायर,कोषाध्यक्ष- ज्ञानेश तिनवलकर,कार्यक्रम संयोजक - डी.एम. मिश्रा,सह संयोजक- सोनल फेलिक्स,कार्यालय सचिव- सुमित सिंह,सदस्य (पुरूष) राजेन्द्र तिवारी व नलीन्द्र सिंह पंवार, सदस्य (महिला)-श्रीमती विजयालक्ष्मी, कु. सुषमा राज ,कार्यकारिणी सदस्य- श्रीमती वेदिका राठौर, शत्रुघन साहू, जी. राजेश, श्रीमती अनुपमा साहू, श्रीमती संतोषी देवांगन, श्रीमती सुधा तिवारी, कोमल दास, आर.पी. कैवर्त (दीपका), मधुसूदन शुक्ला, रवि चौबे,जिला रैफरी बोर्ड अध्यक्ष- प्रमोद सिंह, सदस्य- कोमल दास, उजित निराला, कशाल सिंह, सुमित सिंह ,सलेक्शन कमेटी में अध्यक्ष शैलेष तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, सियाराम बंजारे, श्रीमती संतोषी देवांगन, श्रीमती वेदिका राठौर। श्री पटेल ने कहा कि जिले की प्रतिभाओं को निखारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और व्हालीबॉल खिलाड़ियों को नि:शुल्क कोचिंग दिया जाएगा।

## सरोज पांडेय की जीत का संकल्प लेकर वनांचल क्षेत्रों में मोदी की गारंटी की जानकारी देने पहुंचे युवा भाजपा नेता

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी की कोरबा लोकसभा क्षेत्र की तेजतर्रार एवं प्रखर वक्ता तथा भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय की जीत को सुनिश्चित करने के लिए सभी वर्ग के भाजपा नेता अपने-अपने स्तर पर लगे हुए हैं। शहर से लेकर वनांचल क्षेत्रों तक युवा भाजपा नेता पहुंचकर केन्द्र में मोदी के सक्षम नेतृत्व में बढ़ते भारत और केन्द्र की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति की समृद्धि की गाथा पहुंचा रहे हैं, वहीं भाजपा के सुशासन के तहत योजनाओं की भी जानकारी नेतागण दे रहे हैं और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को जिताने की अपील कर रहे है।

इसी कड़ी में रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा युवा नेता मोहन सिंह ,गजेंद्र मानसर ,भुनेश्वर तिवारी,घनश्याम पटेल, हरिशंकर यादव सहित अन्य युवा भाजपा नेताओं ने आज रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वनांचल क्षेत्रों में पहुंचे और सरोज पांडेय को जिताने की अपील ग्रामवासियों से की। मोदी द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के साथ-साथ विष्णु सरकार द्वारा प्रारंभ की गई किसान समृद्धि योजना,महतारी वंदन योजना सहित जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी। इन युवा नेताओं द्वारा आज ग्राम डीड़ासरई, बंजारीडांड,छातीबहरा, दुधीटांगर सहित आसपास के वनांचल क्षेत्रों में सघन





जनसंपर्क कर राज्य एवम् केंद्र की योजनाओं के बारे में बतायी और कहा कि केन्द्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार है और यहां से भी भाजपा की सांसद होने पर क्षेत्र में चारगुना विकास होगा। इन युवा नेताओं ने पांच साल में कांग्रेस द्वारा किये गए भ्रष्टाचार की कहानी भी ग्रामीणों को बतायी और कहा कि किस तरह जनता के पैसे को इन्होंने अपनी जेब में डाला और करोड़ों रूपयों का डांका डाला। नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को भारी मतो से विजयी बनाने का आह्वान किया।

## 14 को संयुक्त आयोजन समिति मनाएगी डॉ.अंबेडकर की 134वीं जयंती



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती का आयोजन 14 अप्रैल को घंटाघर ओपन थिएटर में संयुक्त आयोजन समिति सर्व समाज के द्वारा किया जा रहा है। सामाजिक रैली और मंचीय कार्यक्रम के साथ दोपहर 3 बजे से आयोजन किया जाएगा।

संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे ने तिलक भवन में पत्रवार्ता के दौरान कहा कि भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन सभी समाज के द्वारा संयुक्त आयोजन समिति के माध्यम से किया जा रहा है। 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे बौद्ध विहार मुड़ापार से भीमराव अंबेडकर की झांकियों के साथ रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली मुड़ापार से होकर टीपी नगर होते हुए सीएसईबी चौक से होते हुए घंटाघर तक जाएगी जहां मंचीय कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी समाज के अध्यक्षों को अतिथि बनाया गया है। सभी अतिथियों के द्वारा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान उपस्थित समाज के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने उद्बोधन दिए। पत्रवार्ता के दौरान मोहन सिंह प्रधान, प्यारेलाल चौधरी, नारायणलाल कुर्रे, प्रवीण पालिया, मोहनलाल श्रीवास, विजय राठौर, मनोज सोनी, गणेश बाम्बोले, गजानंद साहू, अजीत कैवर्त, आरपी खांडे,सत्यव्रत जांगड़े आदि उपस्थित थे।

**दिव्य के छांव का आयोजन**

संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी लोककला मंच दिव्य के छांव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किशन कुमार दिव्य के निर्देशन में किया जाएगा जिसमें पंथी नृत्य के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे। बालको के ही शिक्षक घनश्याम श्रीवास के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन घंटाघर ओपन थिएटर में किया जाएगा। लोक पारंपरिक गीतों द्वारा हास्य प्रसंग एवं मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अग्रवाल सभा के अध्यक्ष चुने गए राजेन्द्र अग्रवाल

कोरबा। अग्रवाल सभा कोरबा के महत्वपूर्ण चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र अग्रवाल (शरद सौरभ)अध्यक्ष निर्वाचित हुए। शिव अग्रवाल (मार्डन एग्रो)को 510 मतों के साथ उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर रमन अग्रवाल (श्रीराम वस्त्रालय) को विजयश्री मिली। रमन अग्रवाल को 403 एवं राकेश नागरमल अग्रवाल को 374 मतों के साथ संतोष करना पड़ा।

# हार्दिक-कुणाल से सौतेले भाई ने बिजनेस में धोखाधड़ी की

## दोनों को 4.3 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया, मुंबई में पुलिस ने गिरफ्तार किया

**मुंबइ, एजेंसी।**

मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या के सौतेले भाई (स्टेप ब्रदर) वैभव पंड्या की एक हाई-प्रोफाइल मामले में गिरफ्तारी की है। कथित तौर पर बिजनेस पार्टनरशिप में वैभव ने पंड्या ब्रदर्स के साथ लगभग 4.3 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 37 साल के वैभव को मुंबई पुलिस की इकोनॉमी ऑफेंस ब्रांच ने गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, तीनों भाईयों ने तीन साल पहले पॉलिमर का बिजनेस शुरू किया था। इसमें क्रिकेटर भाइयों (क्रुणाल और हार्दिक) को 40-40 प्रतिशत निवेश करना था, जबकि वैभव को 20प्रतिशत योगदान देना था। ऑपरेशन्स भी देखने का जिम्मा भी उन्हीं पर था। प्रॉफिट शेयर का बंटवारा भी ऐसे ही तय हुआ था।

**बिना बताए नई फर्म बनाई, बदनाम करने की धमकी दी**

वैभव पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर अपने सौतेले भाइयों को बिना बताए उसी बिजनेस में एक और फर्म बनाई। वैभव ने खुद के प्रॉफिट का हिस्सा 20प्रतिशत से बढ़ाकर 33.3 प्रतिशत कर दिया। इससे पंड्या ब्रदर्स को 3 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

वैभव ने बिना किसी को बताए पार्टनरशिप फर्म



के खाते से 1 करोड़ से ज्यादा की रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। हार्दिक और क्रुणाल ने जब जवाब मांगा तो उसने उन्हें बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद पंड्या ब्रदर्स ने पुलिस में शिकायत की।

**हार्दिक, क्रुणाल फिलहाल आईपीएल में हिस्सा ले रहे हैं**

दोनों क्रिकेटर भाई फिलहाल आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) खेल रहे हैं, जहां हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं क्रुणाल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड़े है। हार्दिक के लिए पिछले कुछ महीने बेहद मुश्किल भरे रहे, क्योंकि वह 2023 वर्ल्ड कप के दौरान लगी टखने की चोट से उबर गए थे।

## जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने गणेश , नूतन फिर से बने सचिव

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक ने चुनाव संपन्न कराने के बाद मतगणना भी संपन्न करायी जिसमें गणेश कुलदीप 306 मतों के साथ अध्यक्ष चुन लिए गए। सुधीर कुमार निगम को 270, अब्दुल रहमान को 124 एवं धनेश कुमार सिर्फ 11 मत मिले। 06 मत निरस्त किये गए। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरूष के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें 308 मतों के साथ अनिस कुमार सक्सेना विजीय घोषित किये गए। उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें 282 मद के साथ शिव कुमारी कंवर, उपाध्यक्ष महिला पद पर काबिज हो गई, इसी तरह सचिव पद के लिए 04 प्रत्याशी मैदान में थे। 287 मतों के साथ नूतन सिंह ठाकुर पुन: सचिव पद पर काबिज हो गए। सुनिल यादव को 264, रघुनंदन सिंह ठाकुर को 139 एवं प्रशांत कुमार को मात्र 21 मत मिले। 05 मत अवैध करार दिए गए। सहसचिव के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें राजू कुमार देवांगन को 271 मतों के साथ विजीय घोषित किया गया।

# संजू सैमसन पर 12 लाख जुर्माना

## गुजरात के खिलाफ ओवररेट धीमा था, फील्डिंग प्रतिबंध भी लगा, पंत पर 2 बार लग चुका फाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राजस्थान रॉयल्स (RR) के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जयपुर में बुधवार को गुजरात टाइटंस (GT) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी बुधवार को दी।

IPL के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को इस सीजन की पहली हार मिली। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया।

**20वें ओवर में जीता गुजरात, इस ओवर में सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर थे**



गुजरात को जीत के लिए 20वें ओवर जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। राजस्थान की टीम तय वक्त पर ओवर करने से 5 मिनट पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में संजू 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए। GT के राशिद खान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी।

IPL ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन टीम राजस्थान की यह पहली गलती थी, इसलिए IPL कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है।

GT के कप्तान शुभमन गिल और RR के कप्तान संजू सैमसन की यह फोटो बुधवार के मैच की है। इस मैच में ही सैमसन पर जुर्माना लगा है।

GT के कप्तान शुभमन गिल और RR के कप्तान संजू सैमसन की यह फोटो बुधवार के मैच की है। इस मैच में ही सैमसन पर जुर्माना लगा है।

**पंत पर 24 लाख का फाइन लगा था**


दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दो मैचों में स्लोर ओवर रेटिंग के लिए जुर्माना लग चुका है। IPL के 16वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ पंत पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया था। यही नहीं पंत के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया था। इससे पहले, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में भी वे स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए थे, लेकिन सीजन की पहली गलती होने की वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था।










स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com